## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारंगढ़ में शनिवार 13 अप्रैल को मेडिकल कैंप : छूटे हुए दिव्यांगों का प्रमाण पत्र के लिए होगा जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सिविल अस्पताल सारंगढ़ में 13 अप्रैल द्वितीय शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बना है , वे आधार कार्ड की फोटो कॉपी और दिव्यांगता दिखता हुआ 2 पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना परीक्षण करवा कर लाभ प्राप्त करें। इसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए छूटे हुए दिव्यांगों का जांच, आंकलन और यूडीआइडी पोर्टल में रजिस्टर्ड होगा, जिनके प्रमाण पत्र बन जाने से सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा मिलेगा। जिन दिव्यांग का पूर्व में दिव्यांग प्रमाण पत्र बन चुका है, उन दिव्यांग लोगों को इस शिविर में आने की जरूरत नहीं है। शिविर में अन्य कोई प्रमाण पत्र या सामग्री का वितरण नहीं किया जाएगा। इस शिविर में आए सभी नागरिक बच्चों के बीमारी, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और कान से जुड़े बीमारी का जांच करा सकते हैं।

### ट्रक की ठोकर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा वाहन को टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है। मामले में कबीरनगर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तिली जानकारी के अनुसार मृतक सुखविंदर सिंह 45 वर्ष मंगलवार को अपने साथी उजीतराम कुर्रे के साथ एक्टिवा में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी गेट नंबर 1 कबीरनगर के पास ट्रक क्रमांक एमएच 26 बीई 0637 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को ठोकर मार दिया। जिससे सुखविंदर और उजीतराम घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान सुखविंदर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** जायसवाल निको कंपनी गेट के पास सांकरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा सिंह 35 वर्ष एपीआई लेबर क्वार्टर सिलतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एमके 3898 में अपने दोस् श्रीचंद सिंह व महेश घासी के साथ सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी सांकरा के जायसवाल निको कंपनी गेट के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे कृष्णा सिंह की मौत हो गई। वहीं उसके दो दोस्त घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बैटरी स्कूटी हुई ब्लास्ट, युवती की हालत नाजुक

**सूरजपुर (आरएनएस)।** सूरजपुर जिला में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट हो गया। बताया जा रहा है कि चार्जिंग के दौरान स्कूटी की बैटरी ब्लास्ट हो गई, जिससे स्कूटी में भयानक आग लग गई। इस घटना में युवती बुरी तरह झुलस गई। युवती का इलाज फिलहाल जारी है। दरअसल, यह घटना सूरजपुर कोतवाली थाने के चंदरपुर की है। इस घटना के दौरान घर के सामानों में आग लग गया। जिसे दमकल की मदद से तत्काल आग पर काबू पाया जा सका। उधर इस घटना के बाद एक बार फिर ई-बाइक और स्कूटी चलाने वालों के बीच दहशत व्याप्त है। ये कोई पहली घटना नही जब स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट हुआ हो, इससे पहले भी चलती गाडियों में बैटरी में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

# व्यय प्रेक्षक ने शहर की सबसे ऊँची बिल्डिंग मल्टीलेवल पार्किंग के टेरिस से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ

- शत-प्रतिशत करें मतदान, दूसरों को भी करें प्रेरित : व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक
- अधिक से अधिक लोग करें मताधिकार का उपयोग, मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल : कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह
- लोकतंत्र की भागीदारी में मतदान आवश्यक : एसएसपी सिंह
- दिव्यांग, तृतीय लिंग समुदाय और मुकबधिरों ने दिया मतदान का संदेश
- मतदाता जागरूकता के गूंजे नारे, तख्ती लेकर दिया मतदान का संदेश



**रायपुर । आरएनएस**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आज व्यय प्रेक्षक आस्थानंद पाठक ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस से जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक पाठक ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदान के लिए जागरूक करने शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। हमारे पूर्वजों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान के बाद मतदान का अधिकार मिला है। हमें ब्रिटिश काल में मतदान के अधिकार नहीं थे। कुछ संघर्ष के बाद सीमित लोगों को अधिकार दिए गए। उसके बाद संघर्ष किया गया और स्वतंत्रता के बाद सभी वर्ग के लोग को यह अधिकार मिला है।

इसलिए हमें इसे अधिकार समझते हुए अवश्य मतदान करना होगा। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करें और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने में भूमिका अदा करें। साथ ही दूसरों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता के लिए शपथ लेने का नया कीर्तिमान बनाया जा रहा है। अधिकारी-कर्मचारी के अलावा गांव-गांव में नरेगा मजदूर, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के कर्मचारियों के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डॉ. सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करें। मतदान केंद्रों में सारी बुनियादी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान दिया गया है। मतदाता जागरूकता के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बाइक रैली, स्वीप एक्सप्रेस के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। एसएसपी संतोष सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। मतदाता जागरूकता का संदेश हर तरफ हो, इसके लिए आयोजन किए जा रहे है। लोकतंत्र की भागीदारी में मतदान आवश्यक है।

मतदाता जागरूकता के इस आयोजन के लिए प्रशासन की टीम को धन्यवाद देता हूं। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की टेरिस पर हजारों की संख्या में आज अधिकारी व कर्मचारी मतदाता जागरूकता की शपथ ली। इस अवसर पर दिव्यांग, तृतीय लिंग समुदाय और मुकबधिरों मतदान के लिए संदेश दिया। साथ ही सबसे अधिक उम्र के मतदाता कन्हैया राम बंछोर ने भी मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और इस अवसर पर अधिकारी- कर्मचारियों ने एक स्वर में मतदाता जागरूक के संदेष का नारे भी लगाए। पूरा टेरिस मतदाता जागरूकता के संदेश से गूंज उठा।

## हत्या कर भाग रहे हत्यारे को रायपुर पुलिस ने ट्रेन में पकड़ा

**रायपुर । आरएनएस**

उरला में हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे को चलती ट्रेन से गिरफ्तार किया है। आरोपी साउथ बिहार एक्सप्रेस से बिहार भागने के प्रयास में था किंतु रायपुर पुलिस व आरपीएफ ने राउलकेला आरपीएफ की मदद से आरोपी को ट्रेन में ही गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड में एक नाबालिग भी शामिल था जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रमाशंकर यादव ने उरला थाने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके बेटा विजय यादव का शव प्रगति स्कूल नर्सरी पास रोड किनारे पड़ा है जिसके चेहरे में गंभीर चोट के निशान है, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया है। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध उरला थाने में धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच चल रही थी। मामले में उरला पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर जानकारी एकत्रित की गई। मृतक विजय यादव के मित्र पर शक होने पर पूछताछ किया गया। जिससे पता चला कि रूपये के लेन-देन को लेकर मृतक एवं रूपेश कुमार के बीच वाद-विवाद हुआ था जो घटना के बाद से मोबाईल बंद कर फ रार है। इसके बारे में उनके जान-पहचान वालों से पता करने पर पता चला कि रूपेश कुमार सुबह ट्रेन से बिहार के लिये निकला है। सूचना पर तत्काल उरला पुलिस व सायबर की टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन पहुंचकर सीसीटीव्ही कैमरा चेक किया गया, जिसमें आरोपी रूपेश कुमार साउथ बिहार एक्सप्रेस में चढ़ते हुये दिखा, जिस पर उक्त ट्रेन का लोकेशन लेने पर राउलकेला स्टेशन के करीब होना पता चला, तत्काल आरपीएफ. निरीक्षक अजय शर्मा थाना रायपुर को घटना की जानकारी देकर व आरोपी का फ ोटो देकर राउलकेला आरपीएफ. को सूचित करने कहा गया। अजय शर्मा द्वारा राउलकेला आरपीएफ. निरीक्षक गौतम प्रकाश गांधी को सूचित कर साउथ बिहार एक्सप्रेस स्टेशन पहुंचने पर आरोपी का तलाशी लेने कहा गया। गौतम प्रकाश गांधी द्वारा तत्काल आरपीएफ. की टीम को एलर्ट कर ट्रेन आने पर तलाशी करवाया गया। उक्त ट्रेन में सवार आरोपी रूपेश कुमार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे आरपीएफ. राउलकेला की टीम द्वारा पकडक़र रायपुर पुलिस को सूचित किया गया। जिसके बाद उरला पुलिस द्वारा आरोपी को राउलकेला से लाया गया।

जिसके बाद पुछताछ में आरोपी रूपेश कुमार ने घटना के संबंध में बताया कि मृतक विजय यादव उधार में राशन दिलवाया था जिसके रूपये जमा करने के लिये बार-बार बोल कर गाली गलौच करता था इसलिये अपने एक नाबालिग साथी के साथ जान से मारने का प्लान बनाया और अपने साथी को विजय यादव कहॉ पर है बताने बोला, जिसने फ ोन पर बताया कि विजय अकेले रोड किनारे मोबाईल में बात करते खड़ा है। जिसके बाद मैं वहॉ पहुंचा और मेरे साथी ने एक लोहे का रॉड दिया जिससे मैने विजय यादव के सिर में वार किया जिससे विजय यादव जमीन पर गिर गया। तब मैं उसके चेहरे पर रॉड से कई बार वार किया।

## एसीबी/ईओडब्लू ने महापौर ढेबर सहित 8 आबकारी अफसरों के घर दी दबिश

**रायपुर । आरएनएस**

शराब घोटाले मामले में एसीबी ईओडब्लू की टीमों ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी छापेमारी जारी रखी। शुकवार को एसीबी की टीमों ने दर्जन भर से अधिक और ठिकानों पर दबिश दी है। इनमें घोटाले के किंगपिन कहे गए अनवर ढेबर के भाई महापौर एजाज ढेबर, बड़े भाई अख्तर ढेबर, भतीजे जुनैद ढेबर के घरों में छापा मारा। साथ ही ढेबर परिवार के जेल रोड स्थित होटल वेलिंगटन में भी दबिश दी। टीम होटल के स्टाफ से भी पूछताछ कर रही है। इनके अलावा 8 आबकारी अफ सरों जिनमें उपायुक्त, सहायक आयुक्त और जिला आबकारी अफसर के यहां भी जांच की गई है। हालांकि एजाज बंधु या उनके ठिकानों से किसी तरह की जब्ती या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

बता दें कि वर्ष 2023 में ईडी और आयकर के अफसरों ने ढेबर भाइयों को होटल वेलिंगटन में घेरा था। इसी होटल में वर्ष 2021-22 से शुरू हुए शराब घोटाले की रकम का हवाला लेनदेन होता था। इसके अलावा पास के ही एक होटल में भी कारोबारियों की बैठकें होती थीं। इस होटल के मालिकों में एक नितेश पुरोहित पहले ही ईडी की गिरफ्त में जा चुका है।

## डीबी पावर के वाहन में लगी आग, दो लोग बचे

**कोरबा । आरएनएस**

अचानक बदले मौसम से भले ही तापमान का पारा 12 डिग्री से नीचे लुढक आया है लेकिन इसके बावजूद आग लगने की घटनाएं जारी है। कटघोरा में ऐसे ही घटनाक्रम में चलती हुई बोलेरो क्रमांक सीजी-12एयू-6204 में आग लग गई। आनन-फानन में चालक और एक सहयोगी ने कूदकर अपनी जान बचाई। कंपनी को इस बारे में जानकारी दी गई है।

अधिकारिक जानकारी में संबंधित गाड़ी डीबी पावर की है जो आगजनी का शिकार हुई। कंपनी के अधिकारी कोरबा और अन्य स्थान से अपनी साइड के लिए आना-जाना कर रहे हैं। आज सुबह बोलेरो से दो लोग अंबिकापुर से कोरबा आ रहे थे। कटघोरा में जेंजरा बायपास पर पहुंचने के साथ स्पार्किंग हुई और बोलेरो में आग लग गई। माजरा समझ में आने पर चालक और कंपनी का एक व्यक्ति बिना देर किये उतरने को तैयार हुए। बताया गया कि इसके कुछ ही देर में पूरा वाहन आग की लपटों से घिर गया। सकुशल बचे लोगों ने आगजनी को लेकर पुलिस व अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। इसके साथ ही प्रबंधन को अवगत कराया। जब तक अग्निशमन की टीम यहां पहुंचती, तब तक रेस्क्यू के लायक कुछ बचा नहीं था। अंत में टीम ने औपचारिक प्रयास करते हुए आग को शांत किया। घटना में वाहन स्वाहा हो गया है। माना जा रहा है कि वाहन की वायरिंग के टकराने से शॉर्टसर्किट के कारण आगजनी की घटना हुई। इससे पहले भी कई क्षेत्रों में इस प्रकार के मामले सामने आए हैं।

## रायपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी, 19 तक लिये जाएँगे नामांकन

- रिटर्निंग ऑफिसर एवम् कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जारी की अधिसूचना




**रायपुर । आरएनएस**

रिटर्निंग ऑफिसर और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज सुबह 11 बजे रायपुर लोकसभा के निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही रायपुर क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधिसूचना हिन्दी और अंग्रेज़ी दो भाषाओं में जारी की गई है और रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सहायक रिटर्निंग ऑफ़िसर्स के कार्यालयों के सूचना पटल पर सार्वजनिक भी कर दी गई है। आज से ही निर्वाचन लडऩे के प्रत्याशियों का नामांकन भी शुरू हो गया है।निर्वाचन लडऩे वाले प्रत्याशी 19 अप्रैल तक अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा करा सकेंगे। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 2 कलेक्टर न्यायालय , में जमा कर सकते है । शासकीय अवकाश के दिनों में नामांकन नहीं लिया जाएगा। प्रत्याशी स्वयं या उसके किसी प्रस्तावक के द्वारा निर्वाचन के लिए नामांकन जमा करा सकते है। नामांकन पत्र प्रारूप भी कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 2 से ही प्राप्त किए जा सकते है।

रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार 19 अप्रैल तक निर्धारित समय में प्राप्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनिंग 20 अप्रैल को की जाएगी। अभ्यर्थी स्वयं या अपने किसी प्रस्तावक या लिखित पत्र द्वारा घोषित अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से लिखित सूचना पर अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल और समय दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। अंतिम रूप से निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थी की सूची भी इसी दिन जारी होगी। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकसभा सदस्य के निर्वाचन के लिए मतदान सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केंद्रों पर मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

## लोगो की परेशानी से परिवहन विभाग लापरवाह, छुरा मार्ग में बड़े वाहनों से यातायात बाधित

**गरियाबंद । आरएनएस**

नगर के एक मुख्य मार्ग जो तिरंगा चौक से होते हुए छुरा नगर को जाता है,उस मार्ग में नगर के सभी दुकानें संचालित है,जिसके चलते लोगो की भीड़ पूरा दिन होता है,साथ ही उन संचालित दुकानों में समान खाली करने चार चक्के से लेकर दस चक्के वाहनों के माध्यम से दुकानों के सामने वाहनों को खड़ा कर देते है,जिसके वजह से यातायात बाधित होता है और पैदल चलने वाले लोगो के साथ सायकल,मोटरसाइकल और कार परेशान होते है।जबकि नगर पालिका के जागरूक पार्षद ने एक गत दिनों इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन देते हुए कहा कि छुरा गरियाबंद मार्ग में भीड़ बहुत होता है और 4 चक्का से लेकर 10 चक्को के वाहनों का लगातार आवागमन बना रहता है इस पर रोक लगाया जाए,किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है जिससे अप्रिय स्थिति बन सकती है।इसलिए विशेष ध्यान देकर पूर्व की भांति इस मार्ग पर बड़ी गाडिय़ों के गुजरने पर रोक लगाया जाए।वही पार्षद ने आवेदन में उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया था कि इन मार्गो पर सुबह दस से शाम छाई बजे तक बड़े वाहने नहीं चलेंगे इसके बाद भी यह यथावत जारी है जिसे लेकर सडक़ के दोनों और के व्यवसायी भी काफी परेशान रहते हैं और वहां से गुजरने वाले लोग भी बहुत परेशान होते हैं जहां धूल से परेशानी हो रही है वहीं घर के बच्चे बाहर निकलते हैं या विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र में खरीदी करने निकलते हैं तो इससे बडे वाहनों से कभी भी घटना घट सकती है।इस समस्या पर अधिकारी तत्काल ध्यान दें जिससे कि गरियाबंद का जनजीवन सामान्य रह सके।इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बड़े वाहनों के आवाजाही पर रोक तो लगाया गया,लेकिन ये रोक महज कुछ दिन दिखा और फिर बड़े वाहन इस मार्ग में आने लगे और यातायात बाधित होना शुरू हो गया। इसी तरह शुक्रवार के दोपहर में मस्जिद के पास फिर चक्का जाम हुआ और लोग काफी देर तक परेशान होते रहे।

## जिले में हुई 6 चोरियों का खुलासा, एक नाबालिग सहित 9 आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी । आरएनएस**

जिले में हुई कई चोरियों को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के एक नाबालिग सहित 6 सदस्यों तथा चोरी का सामान खरीदने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से लाखों रूपयों का सामान बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिला के देहात क्षेत्रों में रात्रि में सुने मकानो में हो रही चोरी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय द्वारा अज्ञात आरोपी को पकडऩे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, अभिषेक सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नेहा पवार के मार्गदशन में अज्ञात चोरो को पकडऩे के लिए सायबर सेल, थाना अर्जुनी, थाना भखारा को निर्देशित किया गया था। प्रकरण की पतासाजी दौरान दिनांक 11 अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिली कि सदर बाजार धमतरी में 2 व्यक्ति सोना-चांदी बेचने ग्राहक तलाश कर रहे है। सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियो को पकड़ा गया। जिन्होने अपना नाम कमलेश साहू पिता ललित साहू उम्र 19 वर्ष निवासी कुर्रा तथा साहिल यादव पिता सुभाष यादव उम्र 22 वर्ष निवासी कुर्रा का होना बताया, जिनके पास रखे सोने-चांदी के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि दिनांक 3 अप्रेल की दरम्यानी रात को अपने अन्य दो साथी कुशल यादव पिता अनुज यादव उम्र 22 वर्ष निवासी कुर्रा एवं एक नाबालिग बालक के साथ ग्राम तरसीवा के एक सुने मकान से एक सोने का गुलबंद, एक जोड़ी सोने का झुमका,दो जोड़ी सोने का इयररिंग ,एक जोड़ी सोने का बाली,दो नग सोने का नथनी,एक नग सोने का लॉकेट,तीन जोड़ी चांदी का पायल तथा पीतल का हनुमानजी, कुबेरजी की मुर्ति एवं नगदी रकम 20 हजार रूपये को चोरी किया था। इसी प्रकार देहात क्षेत्रों में हुए चोरियो के बारे मे कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि दिनांक 27.07.2023 के दिन में प्रार्थी दुलेश्वर साहू ग्राम गातापार थाना भखारा के सुने मकान में आरोपी कमलेश साहू, राहुल यादव एवं साहिल यादव के साथ तथा 17-18.02.2024 को ग्राम भेण्ड्रा के सुने मकान में आरोपी कमलेश साहू, राहुल यादव दोनो ग्राम पंचायत भवन का तोडक़र भवन में चोरी ,दिनांक 23-24.09.2023 की दरम्यानी में ग्राम रीवागहन के शासकीय उचित मुल्य की दुकान से 11 कट्टा चावल को चोरी,दिनांक 06-07.04.2023 की दरम्यानी रात्रि में राज्य ग्रामीण बैंक शाखा तरवीसा धमतरी में आरोपी राहुल यादव, कुशल यादव, लेमन कुमार यादव, देवनारायण साहू के साथ सभी बैंक में चोरी करने के नियत से बैंक का तालातोड़ तिजोरी को उखाडऩे का प्रयास करना स्वीकार किये है। आरोपियों द्वारा ग्राम कुर्रा, ग्राम गातापार से चोरी किये गये सोने-चांदी जेवरात को सदर बाजार स्थित रविन्द्र कुमार-रूपेन्द्र कुमार ज्वेलर्स में कुल 1 लाख 45 हजार रूपये बेचना स्वीकार किया है। ग्राम रीवागहन के शासकीय उचित मुल्य की दुकान से 11 बोरा चोरी किये गये चावल को कोर्रा के पूजा किराना दुकान में 11हजार रूपये में बेचा था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU